राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 दलित-ओबीसी मतदाता बनाएंगे दिल्ली में... 3 मिथिलांचल के कुम्भ यात्रियों के लिए वाराणसी में... 4 जिले के समाधान शिविरों में आई 13 शिकायतें...

वर्ष: 9 | अंक: 96 | दिल्ली, गुरुवार, 30 जनवरी 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

# प्रयागराज के महाकुंभ में भगदड़, 30 लोगों की मौत

## मृतकों के परिजनों को 25 लाख की आर्थिक सहायता का ऐलान

(एजेन्सी)।

**प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मैचे भगदड़ में 30 लोगों की जान गई है। इस बात की जानकारी उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने दी है। महाकुंभ नगर मेला क्षेत्र के डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि भगदड़ मचने के बाद हमने ग्रीन कॉरिडोर बनाया। उसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इस भगदड़ में 60 लोग घायल हुए हैं। 30 में से 25 मृतकों की पहचान हो चुकी है। भारी भीड़ के चलते यह भगदड़ मची थी। हालांकि राहत की बात यह रही कि कुछ देर के अफरा तफरी के बाद स्थिति को पूरी तरीके से नियंत्रित कर लिया गया।

डीआइजी वैभव ने कहा कि आज किसी भी वीआईपी का इलाज नहीं किया गया और महाकुंभ में मौजूद हर व्यक्ति का इलाज बिना प्रोटोकॉल के किया गया।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे को अत्यंत दुखद करार दिया और इसमें अपने परिजनों को खोने वाले श्रद्धालुओं के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इस बीच, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने भगदड़ को विपक्ष की साजिश बताते हुए इसे जांच का विषय करार दिया है। हादसे के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चार बार बात करने के बाद मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह उत्तर प्रदेश सरकार के साथ निरंतर संपर्क में बने हुए हैं।

महाकुंभ में हुए हादसे के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घटना दिल दहला देने वाली है। हम उन सभी परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। हम कल रात से लगातार प्रशासन के संपर्क में हैं।



उन्होंने मृतक के परिजनों को 25 लाख की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। सीएम योगी ने कहा कि 30 के आसपास लोगों की मृत्यु हुई है। इसके साथ ही पुलिस के स्तर से भी जांच की बात सीएम योगी की तरफ से कही गई है। महाकुंभ में मची



भगदड़ पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौनी अमावस्या पर पवित्र डुबकी लगाने के लिए कल शाम 7 बजे से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में एकत्र हुए थे। अखाड़ा मार्ग पर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई जिसमें 90 से अधिक लोग घायल हो गए और 30 लोगों की मौत, 36 लोगों का इलाज चल रहा है, भीड़ ने अखाड़े के बैरिकेडिंग तोड़ दी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घटना दिल दहला देने वाली है। हम उन सभी परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। हम कल रात से लगातार प्रशासन के संपर्क में हैं। मेला प्राधिकरण, पुलिस, प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य जो भी व्यवस्थाएं की जा सकती थीं, उन्हें वहां तैनात कर दिया गया है। सीएम योगी ने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि घटना की न्यायिक जांच कराई जाएगी। इसके लिए हमने जस्टिस हर्ष कुमार, पूर्व डीजी वीके गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस डीके सिंह की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया है। पूरे घटनाक्रम पर हम पूरे दिन मुख्यमंत्री के कंट्रोल रूम, मुख्य सचिव के कंट्रोल रूम और डीजीपी के कंट्रोल रूम से नजर रखते रहे और सुबह से ही प्रशासन से इस संबंध में लगातार संवाद होता रहा है।

बाद में दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर करतार नगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, जो दुःखद हादसा हुआ है, उस हादसे में हमें कुछ पुण्यात्माओं को खोना पड़ा है, कई लोगों को चोट भी आई है। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा, मैं उत्तर प्रदेश सरकार के साथ निरंतर संपर्क में हूं। मौनी अमावस्या की वजह से करोड़ों श्रद्धालु आज वहां पहुंचे हुए हैं। कुछ समय के लिए स्नान की प्रक्रिया में रुकावटें आई थी। लेकिन अब कई घंटों से सुचारू रुप से श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। मैं एक बार फिर परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

## केजरीवाल दलितों और अल्पसंयकों के खिलाफ, केवल झूठे वादे करते हैं-राहुल गांधी

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव को लेकर बवाना में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पहले अरविंद केजरीवाल छोटी कार में शहर में घूमते थे, बिजली के खंभों पर चढ़ते थे। उन्होंने कहा था कि मैं स्वच्छ राजनीति लाऊंगा। उसके बाद दिल्ली में सबसे बड़ा घोटाला--करोड़ों रुपये का शराब घोटाला, उनकी पार्टी ने, उनके लोगों ने किया। उन्होंने कॉरपोरेट सरकार चलाई है। पांच साल पहले, अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि वह यमुना नदी में स्नान करेंगे और यमुना नदी का पानी पीएंगे। पांच साल हो गये, आज तक केजरीवाल जी ने यमुना का पानी नहीं पिया।

राहुल कहा साफ तौर पर कहा कि लोगों को गंदा पानी पीना पड़ता है लेकिन केजरीवाल जी शीशमहल में रहते हैं। वह करोड़ों रुपए के घर में रहते हैं। वह साफ पानी पीते हैं और आपको गलत बयान देते हैं।' राहुल ने कहा कि हम रोजगार, विकास और प्रगति की बात करते हैं। आपको याद होगा कि शीला दीक्षित के शासनकाल में दिल्ली में सड़कें बनी थीं। विकास हुआ। हमने झूठे वादे नहीं किये। केजरीवाल जी और मोदी जी दोनों झूठे



वादे करते हैं। केजरीवाल जी ने दिल्ली से वादा किया था कि वे यमुना नदी को साफ करेंगे और उसका पानी पियेंगे। मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि आज जाकर यमुना नदी का पानी पीएं। कांग्रेस और अरविंद केजरीवाल में यही अंतर है। केजरीवाल जी हमेशा झूठे वादे करते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी की समस्या है। लोगों को महंगा पानी खरीदकर पीना पड़ता है। लेकिन मीडिया इस बारे में कभी नहीं दिखाता।

हिंदुस्तान का मीडिया जनता की आवाज उठाता ही नहीं है। आपको टीवी पर अंबानी जी की शादी दिख जाएगी, लेकिन किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों की समस्याएं नहीं दिखेंगी। टीवी में 24 घंटा बस नरेंद्र मोदी का चेहरा और नफरत की बातें देखने को मिलेंगी।

कांग्रेस नेता ने सवाल करते हुए कहा कि मैं केजरीवाल जी से पूछना चाहता हूं। आप आरक्षण को 50% से ज्यादा करना चाहते हैं या नहीं? लेकिन मैं गारंटी देता हूं- केजरीवाल जी ऐसा कभी नहीं कहेंगे, क्योंकि अरविंद केजरीवाल और नरेंद्र मोदी आरक्षण के खिलाफ हैं। जब BJP के लोगों ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की तब केजरीवाल जी कहां थे? क्या केजरीवाल जी आपके लिए लड़े? क्या केजरीवाल जी आपके साथ खड़े रहे? सच्चाई यही है कि केजरीवाल दलितों, अल्पसंख्यकों और गरीबों के खिलाफ हैं।

## प्रदूषण बढ़ते ही दिल्ली में ग्रैप-3 की पाबंदियां लागू

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** दिल्ली की वायु गुणवत्ता बुधवार को 'गंभीर' स्तर पर पहुंच गई, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण 3 को फिर से लागू करने का फैसला किया है। दिल्ली का AQI, जो 28 जनवरी को 276 दर्ज किया गया था, तेजी से बढ़ती प्रवृत्ति प्रदर्शित कर रहा है और परिवर्तनशील दिशा/शांत हवाओं, धुंध की स्थिति, कम मिश्रण ऊंचाई और प्रदूषकों के फैलाव के लिए वेंटिलेशन गुणांक के कारण आज शाम 4.00 बजे 365 दर्ज किया गया। GRAP-3 प्रभावी है, निर्माण और विध्वंस रोक दिया जाएगा, सभी गैर-आवश्यक खनन गतिविधियों को निलंबित कर दिया जाएगा। गैर-इलेक्ट्रिक, गैर-सीएनजी और गैर-बीएस-VI डीजल अंतरराज्यीय बसें प्रतिबंधित कर दी जाएंगी, और स्कूलों को सुझाव दिया गया है दिल्ली-एनसीआर में कक्षा 5 तक बंद रहेगा। इसके अलावा, आज से बीएस-III पेट्रोल और बीएस-IV डीजल चार पहिया वाहनों के चलने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा और वाणिज्यिक वाहनों के राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। बता दें कि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का लेवल बढ़ने पर लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

## श्रद्धा व उल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का हुआ आगाज

### 29 जनवरी से 2 फरवरी, 2025 तक चलेगा महोत्सव

संजना भारती संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को आदि बद्री, यमुनानगर में 31 कुंडीय हवन यज्ञ और मंत्रोच्चारण के बीच अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2025 का शुभारंभ किया। यह महोत्सव 29 जनवरी से 2 फरवरी, 2025 तक चलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की सौगात देते हुए 54 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत की 29 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। इनमें 26 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत की 15 परियोजनाओं के उद्घाटन और लगभग 28 करोड़ रुपये की लागत की 14 परियोजनाओं के शिलान्यास शामिल हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने माँ सरस्वती की चरण वंदना करते हुए कहा कि आज समय, स्थान और अवसर का अद्भुत संगम है। आज मौनी अमावस्या है। महाकुंभ का शाही स्नान है। ऋतुराज वसंत का आगमन भी हो रहा है। इसी मनमोहक वातावरण में मां सरस्वती नदी के उद्गम स्थल आदिबद्री में अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का शुभारंभ हो रहा है। इस महोत्सव का उद्देश्य पूरे संसार का ध्यान हमारी महान सभ्यता की ओर आकर्षित करना है। इस महोत्सव के माध्यम से हम अपनी संस्कृति, सभ्यता



और मूल्यों को भी अगली पीढ़ी तक पहुंचा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आज ही मां सरस्वती के किनारे पर स्थित दूसरे तीर्थ स्थलों पर भी यह महोत्सव धूमधाम से शुरू हो रहा है। पेहवा तीर्थ सरस और सांस्कृतिक मेले का शुभारंभ हो रहा है। कैथल पोलड़ एवं पिसोल तीर्थ और जींद के हंस डहर तीर्थ में एक फरवरी को सरस्वती महोत्सव के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नदियों को भारतीय संस्कृति में पूजनीय माना जाता रहा है। इन दिनों गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम स्थल प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। कुम्भ केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि वैचारिक समागम व आदान-प्रदान के मंच के रूप में भी महत्व रखता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री श्री श्याम सिंह राणा और श्री कृष्ण कुमार बेदी ने आदिबद्री गऊशाला में 11-11 लाख रुपये की अनुदान राशि प्रदान करने की घोषणा की। महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और मां सरस्वती पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## केजरीवाल के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत अदालत में केस किया दायरः विपुल गोयल

संजना भारती संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि दिल्ली में सप्लाई किए जाने वाले पानी को लेकर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान पर हरियाणा सरकार ने कड़ा संज्ञान लिया है। हरियाणा सरकार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत केजरीवाल के खिलाफ सोनीपत की अदालत में केस दायर कर दिया है।

श्री विपुल गोयल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का बयान बेतुका और भ्रमित करने वाला है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के घटिया और गैरजिम्मेदारना बयान के लिए चुनाव आयोग भी केजरीवाल के खिलाफ कड़ा संज्ञान लें। श्री विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा पर इस प्रकार का आरोप लगाकर केजरीवाल ने घटिया राजनीति की है। हरियाणा सरकार कानूनी कार्रवाई कर रही है।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा कि जो पानी दिल्ली को सप्लाई किया जा रहा है, वहीं राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, और केंद्रीय मंत्री भी पीते है। केजरीवाल ने यह बयान देकर दिल्ली ही नहीं हरियाणा की जनता में भी भय फैलाने का काम किया है।

उन्होंने कहा दिल्ली सरकार यमुना को स्वच्छ बनाने में पूरी तरह विफल रही है। चुनाव में अपनी साख बचाने के लिए अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की जनता पर शर्मनाक और निराधार आरोप लगाए हैं। हरियाणा की जनता यमुना जी को आराध्य मानती है। इस प्रकार का मिथ्या प्रचार न केवल हरियाणा का



अपमान है बल्कि दिल्ली के लोगों को गुमराह करने की साजिश भी है।

श्री विपुल गोयल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल यह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने तथाकथित जहरीले पानी को दिल्ली में प्रवेश करने से रोक दिया। लेकिन उनके पास इस दावे का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए झूठ बोलना अरविंद केजरीवाल की पुरानी आदत है।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने दिल्ली सरकार पर यमुना की सफाई को लेकर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि दिल्ली के 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में से केवल 17 ही चालू हैं।

यह दिल्ली सरकार की अक्षमता और यमुना नदी की दुर्दशा के लिए उनकी गैर जिम्मेदारी को दिखाता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के इस कुप्रबंधन से न केवल दिल्ली के लोग, बल्कि हरियाणा के फरीदाबाद, पलवल, और मेवात जिले के लोग भी प्रभावित हो रहे हैं।

## अरविंद केजरीवाल हरियाणा और दिल्ली के लोगों से मांगे माफीः नायब सिंह सैनी

### यमुना नदी में खड़े होकर मुख्यमंत्री ने खुद पवित्र जल पीया

संजना भारती संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि के लिए लोगों में भय पैदा करने का जो बयान दिया है, वो दुर्भाग्यपूर्ण है। इस प्रकार के बयान देकर द्वेष मत पैदा कीजिए। अरविंद केजरीवाल को इस बयान के लिए दिल्ली और हरियाणा के लोगों से माफी मांगनी चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर पर दहिसरा गांव के पास यमुना नदी के चार नंबर प्वाइंट का दौरा किया और पूजा-अर्चना कर यमुना के पानी का आचमन किया। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने बयान दिया है कि हरियाणा की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने यमुना में जहर मिलाकर भेजा है। जबकि वॉटर अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा पानी के जो सैंपल लिए गए हैं, उसमें कहीं भी जहरीले पदार्थ नहीं मिले हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अरविंद केजरीवाल झूठ की राजनीति कर रहे हैं।



उन्होंने 10 साल पहले दिल्ली के लोगों से जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया। उन्होंने जहरीले पानी का बयान देकर दर्द भरा और भय पैदा करने वाला कार्य किया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की पिछली चार सैंपल की जाँच रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली की सीमा में दाखिल होने से पहले हरियाणा की सीमा पर यमुना का जल मानकों पर पूरी तरह खरा उतरा है। हरियाणा से दिल्ली को साफ पानी जा रहा है। दिल्ली के बाद पलवल और फरीदाबाद में जब हरियाणा को यह पानी मिलता है, वह बहुत अधिक खराब स्थिति में होता है।

हरियाणा से दिल्ली में पानी के प्रवेश स्थल दहिसरा गांव के पास यमुना नदी के पॉइंट नंबर चार से 28 जनवरी की अमोनिया नाइट्रोजन रिपोर्ट के अनुसार बीडीएल (डीएल=0.5) ) बीडीएल (डीएल-0.5) तथा 16 जनवरी 2025 में यह मात्रा बीडीएल (डीएल=0.5) रही है। इससे पहले 17 दिसंबर 2024 को बीडीएल (डीएल=0.5) तथा 26 नवंबर 2024 को बीडीएल (डीएल=0.5) कम रहा है।

## जम्मू-कश्मीर के लोग पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करते रहेंगे: उमर अब्दुल्ला

(एजेन्सी)।

**जम्मू-कश्मीर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करते रहेंगे। हजरतबल इलाके में नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि अनुच्छेद 370 का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर और उसके लोगों की पहचान की हिफाजत करना था। अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधानों को केंद्र ने 2019 में समाप्त कर दिया था। अब्दुल्ला ने कहा, हम इसका (राज्य का दर्जा बहाल करने का) इंतजार कर रहे हैं। जो लोग ऐसा करने में देरी कर रहे हैं, उनसे पूछिए। हम पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करते रहेंगे और अल्लाह से हमारी हिफाजत की प्रार्थना करेंगे।( अब्दुल्ला ने पिछले बयान में कहा था कि अनुच्छेद 370 डोगरा समुदाय की हिफाजत के लिए था। इस बयान के बारे में पूछे जाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 का संवैधानिक प्रावधान जम्मू-कश्मीर में सभी की हिफाजत के लिए था। उन्होंने कहा, यह जम्मू-कश्मीर की हिफाजत के लिए था, यह वहां के लोगों की पहचान के बारे में था। चाहे वो डोगरा हों, लद्दाखी हों या जम्मू-कश्मीर के लोग, यह सभी के लिए था न कि केवल किसी एक के लिए। मुख्यमंत्री ने कहा, जब कश्मीर के महाराजा ने कानून बनाया तो वह हमारे रोजगार की हिफाजत करना चाहते थे क्योंकि ऐसी आशंका थी कि बाहर से आए लोग रोजगार छीन लेंगे। यह तब (अनुच्छेद) 35 (ए) के अंतर्गत आता था। (अनुच्छेद) 370 1949 में आया।

वक्फ विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों पर जारी बहस के बीच अब्दुल्ला ने कहा कि अल्लाह वक्फ की हिफाजत करेगा। उन्होंने कहा, लोगों को जो करना है करने दें... वे अल्लाह या उसके रसूल का नाम नहीं मिटा सकते।

## संक्षिप्त समाचार

### नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को मीडियाकर्मियों को कई



परियोजनाओं पर कैबिनेट द्वारा लिए गए प्रमुख फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, कैबिनेट ने नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन के लिए 16,300 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16,300 करोड़ रुपये के व्यय और पीएसयू आदि द्वारा 18,000 करोड़ रुपये के अपेक्षित निवेश के साथ राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन (एनसीएमएम) के शुभारंभ को मंजूरी दे दी है। मंत्री ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत पहल के हिस्से के रूप में, और उच्च तकनीकी उद्योगों, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा में महत्वपूर्ण खनिजों की अपरिहार्य भूमिका को पहचानते हुए, भारत सरकार ने महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में चुनौतियों का समाधान करने के लिए पिछले दो वर्षों में कई पहल की हैं। सरकार ने एक बयान में कहा कि महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने की आवश्यकता है। इस दृष्टिकोण के अनुरूप, वित्त मंत्री ने 23 जुलाई 2024 को 2024-25 के केंद्रीय बजट में क्रिटिकल मिनरल मिशन की स्थापना की घोषणा की। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन, मूल्य श्रृंखला के सभी चरणों को शामिल करेगा, जिसमें खनिज अन्वेषण, खनन, लाभकारी, प्रसंस्करण और अंतिम उत्पादों से पुनर्प्राप्ति शामिल है। यह मिशन देश के भीतर और इसके अपतटीय क्षेत्रों में महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को तेज करेगा। इसका उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिज खनन परियोजनाओं के लिए एक फास्ट ट्रैक नियामक अनुमोदन प्रक्रिया बनाना है। इसके अतिरिक्त, मिशन महत्वपूर्ण खनिज अन्वेषण के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करेगा और ओवरबर्डन और टेलिंग्स से इन खनिजों की वसूली को बढ़ावा देगा।

### महाकुंभ मेले में भगदड़ में तीर्थयात्रियों की मौत पर ममता ने जताया शोक

**कोलकाता (एजेन्सी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रयागराज के महाकुंभ मेले में मची भगदड़ में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। बनर्जी ने अपने एक्स हैंडल पर कहा कि बंगाल में वार्षिक गंगासागर मेले के आयोजन के उनके अनुभव से पता चलता है कि कुंभ जैसे विशाल आयोजनों को संभालने के लिए अधिकतम योजना और देखभाल की आवश्यकता होती है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, महाकुंभ में हुई दुखद भगदड़ के बारे में जानकर मुझे बहुत दुख हुआ है, जिसमें कम से कम 15 निर्दोष लोगों की जान चली गई। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त श्रद्धालुओं के परिवारों के साथ है। गंगासागर मेले के आयोजन से मेरी सीख यह है कि लोगों की विशाल भीड़ को नियंत्रित करने और तीर्थयात्रियों के जीवन से संबंधित मामलों में योजना एवं देखभाल अधिकतम होनी चाहिए। दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना। मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ के संगम क्षेत्र में बुधवार तड़के स्नान करने बड़ी संख्या में पहुंचे तीर्थयात्रियों के बीच भगदड़ मचने से कई लोग हताहत हुए। उत्तर प्रदेश सरकार ने भगदड़ में मरने वालों की संख्या के बारे में अभी खुलासा नहीं किया है। अधिकारियों ने अभी तक इस भगदड़ में हताहतों की सही संख्या की पुष्टि नहीं की है।

### केजरीवाल धूर्त आदमी, अखिलेश यादव को नहीं करना चाहिए उनका समर्थन: बृजभूषण सिंह

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** दिल्ली चुनाव को लेकर बीजेपी के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा है। बृजभूषण शरण सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल एक धूर्त आदमी हैं। उन्होंने कहा कि मेरी राय में, अखिलेश यादव को उनका समर्थन नहीं करना चाहिए था। उन्होंने दावा किया कि इस बार बीजेपी बहुत अच्छी तरह से लड़ रही है। दिल्ली के मूल नागरिक अरविंद केजरीवाल के झूठ से तंग आ चुके हैं, अब क्योंकि वह कहते हैं कि हरियाणा सरकार ने यमुना में खतरनाक सामग्री छोड़ी है, यह महज एक दोष है जैसा कि उन्होंने पिछले 10 वर्षों में किया था। बृजभूषण शरण सिंह ने केजरीवाल से सवाल करते हुए कहा कि उन्होंने यमुना के लिए क्या किया, दिल्ली में प्रदूषण, बेरोजगारी, सड़कें, बुनियादी ढांचा, या यहां तक कि कोरोना काल में भी क्या किया? इससे पहले बृजभूषण सिंह ने कहा कि 10 साल के शासन में अरविंद केजरीवाल ने सिर्फ आरोप लगाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मैंने आज तक इससे बड़ा राजनीतिक फराडिया नहीं देखा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने पिछले साल में कुछ काम नहीं किया। अगर हरियाणा सरकार ने यमुना में जहर घोल दिया है तो वह बताएं उन्होंने क्या काम किया।

# सम्पादकीय

## बजट से मिल सकती हैं कई सौगातें

**वित्तीय** वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रेल-सितम्बर 2024) में भारत की आर्थिक विकास दर कुछ कमजोर रही है। प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2024) में तो सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी। इसी प्रकार द्वितीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2024) में भी सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इससे वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही में आर्थिक विकास दर के कम होने के कारणों में मुख्य रूप से देश में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव है और आचार संहिता के लागू होने के चलते केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों एवं अन्य खर्चों में भारी भरकम कमी दृष्टिगोचर हुई है। साथ ही, देश में मानसून की स्थिति भी ठीक नहीं रही है। केंद्र सरकार ने हालांकि मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाने में सफलता तो अर्जित कर ली है परंतु उच्च स्तर पर बनी रही मुद्रा स्फीति के कारण कुल मिलाकर आम नागरिकों, विशेष रूप से मध्यमवर्गीय परिवारों, की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभात जरूर पड़ा है और कुछ मध्यमवर्गीय परिवारों के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों की श्रेणी में जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। किसी भी देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की जितनी अधिक संख्या रहती है, उस देश की आर्थिक विकास दर ऊंचे स्तर पर बनी रहती है क्योंकि मध्यमवर्गीय परिवार ही विभिन्न प्रकार के उत्पादों (दोपहिया वाहन, चारपहिया वाहन, फ्रिज, एयर कंडीशनर जैसे उत्पादों एवं नए फ्लेट्स एवं भवनों आदि) को खरीदने पर अपनी आय के अधिकतम भाग का उपयोग करता है। इससे आर्थिक चक्र में तीव्रता आती है और इन उत्पादों की बाजार में मांग के बढ़ने के चलते इनके उत्पादन को विभिन्न कम्पनियों द्वारा बढ़ाया जाता है, इससे इन कम्पनियों की आय एवं लाभप्रदता में वृद्धि होती है एवं देश में रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं।

## कविता

### महंगाई

महंगाई भरमार छै।
जीना भी दुश्वार छै।।

पैसा के एतना किल्लत
बछिया भी बीमार छै।

मजदूरी सिर्फ नाम के
बचबा सब बेगार छै।

लूट खसोट खुलेआम
ई कैसन सरकार छै।

ईमान धरम जेकरा
ओकर फुटल कपार छै।

कागज पर सिर्फ योजना
जब तक कि भ्रष्टाचार छै।



-ज्योतिष चंद्र
हवेली खड़गपुर

## जयंती


### सी. सुब्रह्मण्यम



जन्म-30 जनवरी, 1910, कोयम्बटूर; मृत्यु-7 नवम्बर, 2000) भारत में "हरित क्रांति के पिता" कहे जाते हैं। जब भारत को आजादी प्राप्त हुई, उस समय देश में खाद्यान्न उत्पादन की स्थिति बड़ी शोचनीय थी। कई स्थानों पर अकाल पड़े। बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा में अनेक लोग भुखमरी के शिकार हुए और काल का ग्रास बन गये। जब सी. सुब्रह्मण्यम को केन्द्र में कृषि मंत्री बनाया गया, तब उन्होंने देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएँ क्रियान्वित कीं। उनकी बेहतर कृषि नीतियों के कारण ही 1972 में देश में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन हुआ। सी. सुब्रह्मण्यम की नीतियों और कुशल प्रयासों से ही आज देश खाद्यान्न उत्पादन में पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर हो चुका है।

## पुण्यतिथि

### महात्मा गाँधी



जन्म: 2 अक्तूबर, 1869; मृत्यु: 30 जनवरी, 1948) को ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का नेता और 'राष्ट्रपिता' माना जाता है। इनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गाँधी था। राजनीतिक और सामाजिक प्रगति की प्राप्ति हेतु अपने अहिंसक विरोध के सिद्धांत के लिए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई। मोहनदास करमचंद गाँधी भारत एवं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रमुख राजनीतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। 'साबरमती आश्रम' से उनका अटूट रिश्ता था। इस आश्रम से महात्मा गाँधी आजीवन जुड़े रहे, इसीलिए उन्हें 'साबरमती का संत' की उपाधि भी मिली।

## कल मिलेंगे

**मम्मी**-नया घर बनने में अभी 6 महीने और लगेंगे
**पापा**-अरे नहीं, मैं चार आदमी और लगा दूंगा, तो घर जल्दी बन जाएगा.
तभी चिंटू अचानक कुछ सोचते हुए गंभीर होकर पूछता है, अच्छा मम्मी मैं कितने दिनों में पैदा हुआ था?
**मम्मी**-9 महीने में, क्यों?
**चिंटू**-अरे, तो चार आदमी और लगा लेती न, तो मैं जल्दी से पैदा हो जाता
उसके बाद से पापा-मम्मी मिलकर चिंटू को ढूंढ रहे हैं...

## संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।
**RNI No. : DELHIN/2016/70240**
**Phone No.: 9871221635**
**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com
(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# दलित-ओबीसी मतदाता बनाएंगे दिल्ली में सरकार

**दिल्ली में गुर्जर मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है। इनके प्रभाव वाली छतरपुर, मुस्तफाबाद, तुगलकाबाद, घोंडा, गोकुलपुरी, ओखला पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है। वहीं बदरपुर, करावल नगर व पालम पर भाजपा का कब्जा है। दिल्ली के पूर्व सांसद व बड़े गुर्जर नेता रमेश बिधूड़ी को भाजपा ने मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना के खिलाफ चुनाव मैदान में उतार कर चुनाव को रोचक बना दिया है**

-रमेश सर्राफ धमोरा

**दिल्ली** में विधानसभा चुनाव के लिए वोट डालने में अब कुछ दिनों का समय ही शेष रह गया है। वहां चुनाव प्रचार पूरे शबाब पर है। सभी दलों के बड़े नेता अपनी-अपनी पार्टी प्रत्याशियों को जीताने के लिए जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। पूरी दिल्ली में चुनावी चौसर बिछी हुई है। सट्टा बाजार में राजनीतिक दलों की हार-जीत के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी इसका पता तो 8 फरवरी को मतगणना के बाद ही चल पाएगा।

मगर दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार बड़ी कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) चौथी बार सरकार बनाने के प्रयास में लगी हुई है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी चाहती है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उनकी पार्टी की सरकार बने ताकि केंद्र व राज्य का झगड़ा समाप्त हो। कहने को तो दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश है। यहां की सरकार व मुख्यमंत्री के पास अन्य प्रदेशों की तरह पूरे अधिकार नहीं होते हैं। मगर दिल्ली का मुख्यमंत्री होना अपने आप में बड़ी बात है। दिल्ली से ही देश की सरकार चलती है। ऐसे में दिल्ली में जो सरकार बनती है उसके महत्व को नकारा नहीं जा सकता है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार दलित, जाट व गुर्जर मतदाताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होने जा रही है। दिल्ली में 12 विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां करीबन 18 प्रतिशत दलित मतदाता है। दिल्ली की आरक्षित 12 सीटों के अलावा 18 और ऐसी विधानसभा सीटे हैं जहां दलित मतदाताओं की संख्या 15 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में दिल्ली की 30 विधानसभा सीटों पर दलित मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है। दिल्ली में बवाना, सुल्तानपुर माजरा, मंगोलपुरी, करोल बाग, पटेल नगर, मादीपुर, देवली, अंबेडकर नगर, त्रिलोकपुरी, कोंडली, सीमापुरी, गोकलपुर विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा करीबन 15 से 20 अन्य ऐसी सीटें है जहां दलित मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। इसलिए दिल्ली विधानसभा की 70 में से करीबन 30 सीटों पर दलित मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। 2020 के विधानसभा चुनाव में सभी 12 आरक्षित सीटों पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों ने चुनाव जीता था। इसलिए आम आदमी पार्टी का पूरा फोकस दलित मतदाताओं पर है। दिल्ली के अनुसूचित जाति के मतदाताओं में से 38 फीसदी जाटव और 21 फीसदी वाल्मीकि है।

पिछले लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के मतदाताओं के लिए देश भर में आरक्षित 84 लोकसभा सीटों में से भाजपा मात्र 30 सीट पर ही चुनाव जीत पाई थी। इंडिया गठबंधन के भाजपा द्वारा संविधान बदलने के नारे के कारण दलित मतदाता भाजपा से छिटककर विपक्षी खेमे में चले गए थे। इसी तरह दिल्ली में भी पिछले दो विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सभी 12 सीटों पर आम आदमी पार्टी लगातार जीतती आ रही है। इसलिए अनुसूचित जाति के मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा व कांग्रेस इस बार के चुनाव में पूरा जोर लगा रही है। भाजपा ने 12 आरक्षित सीटों के अलावा दो सामान्य सीटों मटिया महल से दीप्ति इंदौरा व बल्लीमारन से कमल बागड़ी को उम्मीदवार बनाया है। इस तरह भाजपा ने कुल 14 सीटो पर दलित उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने भी नरेला से अनुसूचित जाति की अरुणा कुमारी को टिकट देखकर कल 13 सीटों पर दलित प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। भाजपा व कांग्रेस की रणनीति है कि दलित मतदाताओं को आम आदमी पार्टी से दूर किया जाए। आम आदमी पार्टी ने 12 आरक्षित सीटों पर ही अनुसूचित जाति के प्रत्याशियों को टिकट दी है। हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एक बार फिर दलित मतदाताओं का रुझान भाजपा की तरफ होने के चलते वहां भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की थी। इसी से उत्साहित होकर भाजपा अनुसूचित जाति के मतदाताओं की बहुलता वाली सीटों पर विशेष चुनावी प्रबंधन कर चुनावी रणनीति बना रही है।

दिल्ली में जाट मतदाताओं की बहुलता वाली 10 सीटों महरौली, मुंडका, रिठाला, नांगलोई, मटियाला, पालम, नरेला, विकासपुरी, नजफगढ़ व बिजवासन पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है। इस बार भाजपा आम आदमी पार्टी से इन सभी 10 सीटों को छीन कर अपनी वापसी का प्रयास कर रही है। भाजपा ने इस बार करीबन 14 टिकट जाट नेताओं को दी है। जिनमें पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा नई दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सामने चुनाव लड़ रहे हैं। वही आप सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे कैलाश गहलोत भी बीजेपी टिकट पर बिजवासन से चुनाव लड़ रहे हैं। कैलाश गहलोत के भाजपा में जाने से आप के पास कोई बड़ा जाट नेता नहीं रह गया है जो जाट मतदाताओं को आप पार्टी से जोड़े रख सके। जबकि भाजपा ने पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा को अरविंद केजरीवाल के सामने खड़ा कर दिल्ली के चुनाव को रोचक बना दिया है।

दिल्ली में गुर्जर मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है। इनके प्रभाव वाली छतरपुर, मुस्तफाबाद, तुगलकाबाद, घोंडा, गोकुलपुरी, ओखला पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है। वहीं बदरपुर, करावल नगर व पालम पर भाजपा का कब्जा है। दिल्ली के पूर्व सांसद व बड़े गुर्जर नेता रमेश बिधूड़ी को भाजपा ने मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना के खिलाफ चुनाव मैदान में उतार कर चुनाव को रोचक बना दिया है।

दिल्ली में मदनलाल खुराना व साहिब सिंह वर्मा के बाद हमेशा बाहरी व्यक्ति ही मुख्यमंत्री बनता रहा है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित, अरविंद केजरीवाल, अतिशी मालेर्ना जैसे लोग दिल्ली के मूल निवासी नहीं है। इसलिए दिल्ली के लोग चाहते हैं कि अब की बार दिल्ली का ही रहने वाला नेता दिल्ली का मुख्यमंत्री बने ताकि उसे दिल्ली की असली नब्ज व समस्याओं की बखूबी जानकारी हो। जाट मतदाता चाहते हैं कि साहिब सिंह वर्मा के बाद एक बार फिर उनके बेटे प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनाया जाए ताकि दिल्ली का सर्वांगीण विकास हो सके। वही गुर्जर मतदाता रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री बनाने की का मांग कर रहे हैं।

कहने को तो कांग्रेस भी पूरी सक्रियता से चुनाव लड़ रही है। मगर इंडिया गठबंधन में उनके साथी दलों द्वारा आम आदमी पार्टी को समर्थन देने के बाद कांग्रेस का मनोबल कमजोर हुआ है। इसी के चलते कांग्रेस का चुनाव प्रचार भी ज्यादा गति नहीं पकड़ पाया है। ऐसे में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के मध्य माना जा रहा है। दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जो संघर्ष देखने को मिल रहा है उससे लगता है कि इस बार मुकाबला नेक टू नेक होने की पूरी संभावना नजर आ रही है। सभी दलो द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिये बड़ी-बड़ी धोषणा की जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव का ट्रेंड देखकर तो यही लगता है कि इस बार भाजपा, आप व कांग्रेस में से कौन सी पार्टी सरकार बनायेगी यह कोई नहीं बता सकता है। इसका फैसला तो वोट डालकर दिल्ली के मतदाता ही करेंगे। जिस पार्टी के पक्ष में दिल्ली के मतदाता मतदान करेंगे। वही पार्टी दिल्ली में सरकार बनाएगी।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)

# फर्नेस ऑयल और पिटकोक ईंधन बन रहा मौत का वाहक

**फर्नेस ऑयल व पिटकोक गैर नवीकरणीय जीवाश्म ईंधन है। विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि इनका अनुचित स्टोरेज तक भूमि और भूजल दोनों को नुकसान पहुंचाने वाला है। जब स्टोरेज करने मात्र से नुकसान पहुंचाने वाला है तो इस ईंधन को जलाने से कितना नुकसान हो सकता है इसकी गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है**

-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**प्रदूषण** को लेकर दुनिया में भले ही कितनी भी चिंता व्यक्त की जाती हो, कितने ही बड़े बड़े सम्मेलन होते हो, दुनिया के देशों के प्रमुखों द्वारा कितनी ही साझा बैठकें कर चिंता व्यक्त की जाती हो, कितनी ही गंभीरता का ताना-बाना बुना जाता हो पर धरातल पर देखे तो परिणाम बेहद चौंकाने वाले और गंभीर चिंता का कारण है। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर की 2024 की रिपोर्ट की ही माने तो वायु प्रदूषण अकारण मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है। ग्लोबल एयर की ही रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में सालाना 81 लाख लोग वायु प्रदूषण के कारण मौत का शिकार हो जाते हैं। यदि भारत की ही बात करें तो सालाना 21 लाख लोग वायु प्रदूषण के कारण अपनी जिंदगी की जंग हार जाते हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि दुनिया के देशों में होने वाली 8 मौतों में से एक मौत का प्रमुख कारण वायु प्रदूषण है।

ऐसा नहीं है कि सरकारें या न्यायालय या विश्व के राजनेता इससे चिंतित नहीं हो, अपितु लाख गंभीरताओं के बावजूद जो परिणाम सामने आ रहे हैं वह कहीं ना कहीं हमारी व्यवस्था की पोल खोल कर ही रख रहे हैं। अब भारत की ही बात की जाए तो सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2017 में एक जनहित याचिका पर निर्णय करते हुए फर्नेस ऑयल और पिटकोक के उपयोग पर रोक लगा दी गई। खासतौर से एनसीआर से जुड़े प्रदेशों दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तरप्रदेश में यह रोक लगाई गई। इसी के क्रम में उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र सहित देश के अनेक प्रदेशों में इसको लेकर गाईड लाईन जारी की जा चुकी है। पर इस सबके बावजूद पेट्रोलियम प्लानिंग एण्ड एनालिसिस सेल के आंकड़े साफ साफ चिढ़ाते हुए नजर आ रहे हैं। इस साल ही अप्रेल, 24 से दिसंबर, 24 तक के आंकड़ें बताते हैं कि रोक व सख्ती के बावजूद नौ माह में ही 49 लाख 95 हजार मैट्रिक टन फर्नेस ऑयल और एलएसएचएस का घरेलू उपयोग हुआ है। इसी तरह से पिटकोक का उपयोग 161 लाख 12 हजार मैट्रिक टन रहा है। तस्वीर का एक पहलू यह है कि 1997-98 में देश में 114 लाख 94 हजार मैट्रिक टन फर्नेस ऑयल और एलएसएचएस का उपभोग हो रहा था वहीं 1997-98 में 2 लाख 77 हजार मैट्रिक टन पिटकोक का उपभोग हो रहा था। इसके बाद हांलाकि फर्नेस ऑयल व अन्य के उपयोग में उतार चढ़ाव रहा है पर जहां तक पिटकोक के उपयोग में बेतहासा बढ़ोतरी हुई है। खासतौर से रियल एस्टेट ने पिटकोक के उपयोग को कई गुणा बढ़ा दिया है वहीं पिछले कुछ सालों से फर्नेस ऑयल व एलएसएचएस का उपयोग में कोई खास कमी नहीं आ रही है। बल्कि सारी बात साफ होती जा रही है कि वायु प्रदूषण में प्रमुख भूमिका निभा रहे इन दोनों ईंधनों के उपयोग पर जो कार्रवाई न्यायालय के आदेशों की भावना और एनजीटी के प्रयासों से होना चाहिए था वह कम से कम धरातल पर तो दिखाई नहीं दे रही है।

दरअसल देखा जाए तो फर्नेस ऑयल व पिटकोक गैर नवीकरणीय जीवाश्म ईंधन है। विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि इनका अनुचित स्टोरेज तक भूमि और भूजल दोनों को नुकसान पहुंचाने वाला है। जब स्टोरेज करने मात्र से नुकसान पहुंचाने वाला है तो इस ईंधन को जलाने से कितना नुकसान हो सकता है इसकी गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि फर्नेस ऑयल के ईंधन के रुप में उपयोग से ग्रीन हाउस में हानिकारक कण फैलते हैं और देखा जाए तो हवा में जहर घुलने लगता है। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि पिटकोक और फर्नेस ऑयल में सल्फर हैं। पेटकोक में 65 हजार से 75 हजार पीपीएम और फर्नेस ऑयल में 22 हजार पीपीएम स्तर है। वायु प्रदूषण में पीपीएम का मतलब साफ है कि हवा में गैस के प्रति मिलियन भाग है। रसायन विज्ञान में वायुमण्डल के गैसों की सांद्रता को बताने के लिए पीपीएम का प्रयोग किया जाता है। फर्नेस ऑयल या पिटकोक के ईंधन के रुप में उपयोग से नदी-नालें, जलवायु, पेड़-पौधें, यहां तक की पशु पक्षी भी प्रभावित हो रहे हैं। जहां तक आम आदमी की बात है तो फर्नेस ऑयल के ईंधन के रुप में उपयोग से वायु प्रदूषण तो होता ही है साथ ही सीधे सीधे यह हमारें फेफड़ों को प्रभावित करता है। इससे फेफड़ों की क्षमता कम होने के साथ ही सांस जनित रोग यहां तक की फेफड़ों के कैंसर की संभावनाएं तेजी से बनती है। दमा, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज जिसे सीओपीडी भी कहते हैं और फेफड़ों के कैंसर की संभावना बन जाती है। इसके साथ ही इससे जुड़ी अन्य गंभीर बीमारियां जकड़ने लगती है। यह सब जानकारी में होने के बावजूद फर्नेस ऑयल या पिटकोक जिसे पेट्रोलियम कोक भी कहते हैं के उपयोग में जिस तरह से कमी आनी चाहिए थी या जिस तरह से इनके विकल्प के उपयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए था वह हो नहीं पाया और सब कुछ होने और सरकार के पास आंकड़े होने के बावजूद इनके उपयोग पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। दरअसल सस्ता ईंधन होने के कारण फर्निस ऑयल आदि का उपयोग इण्डस्ट्रीज में तो हो ही रहा है मेट्रो सिटीज ही नहीं बल्कि अब तो छोटे बड़े शहरों में भी होटलों, ढ़ाबों, रेस्ट्राओं, बड़े चाट-पकोड़ी आदि फास्ट फूड बनकार बेचने वालों द्वारा आम होता जा रहा है। मजे की बात यह है कि फर्नेस ऑयल जैसे वायु प्रदूषण का कारक और स्वास्थ्य के लिए अति गंभीर ईंधन का उपयोग हो रहा है और इसकी पुष्टि पेट्रोलियम प्लानिंग एण्ड एनालिसिस सेल के आंकड़ें सिद्ध कर रहे हैं। ऐसे में एनजीटी, राज्यों के पर्यावरण मंत्रालय, पर्यावरण क्षेत्र में कार्य कर रहे सरकारी और गैर सरकारी संगठनों को सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। एक और जहां अवेयरनेस की आवश्यकता है तो फर्नेस ऑयल का उपयोग करने वालों को समझाइस के साथ ही आवश्यकता पड़ने पर सख्ती भी करनी होगी। एक और देश ग्रीन एनर्जी और ईंधन के रुप में एलपीजी से भी एक कदम आगे सीएनजी और पीएनजी की और तेजी से आगे बढ़ रहा हैं वहीं कुछ लोग निजी लाभ के चक्कर में वायु प्रदूषण फैलाकर सीधे आमआदमी के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले ईंधन फर्नेस ऑयल और पिटकोक आदि का सरेआम उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में सरकार और गैरसरकारी संस्थाओं का दायित्व हो जाता है कि वह आगे आएं और इनके प्रयोग को हतोत्साहित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। यह समय की मांग और प्रकृति को विकृत होने से बचाने के लिए भी आवश्यक हो जाता है।

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# उत्तर कोरिया के नेता किम ने परमाणु क्षमता को मजबूत करने का आह्वान किया

(एजेन्सी)।

**सोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने परमाणु सामग्री बनाने वाले एक संयंत्र का निरीक्षण किया और देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण करने के बाद उत्तर कोरिया देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने का आह्वान कर अमेरिका पर दबाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। किम के परमाणु सामग्री बनाने वाले संयंत्र में जाने से उत्तर कोरिया के परमाणु शस्त्रागार के विस्तार पर निरंतर जोर देने का संकेत मिलता है। ट्रंप ने हालांकि कहा है कि वह कूटनीति को फिर से शुरू करने के लिए किम से बात करने को तैयार हैं। सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) की खबर के अनुसार, किम ने परमाणु सामग्री उत्पादन संयंत्र और परमाणु हथियार संस्थान जाकर निरीक्षण किया। खबर में यह नहीं बताया गया कि ये केंद्र कहां स्थित हैं, लेकिन किम की यात्रा की उत्तर कोरियाई तस्वीरों से संकेत मिलता है कि उन्होंने संभवतः यूरेनियम-संवर्धन केंद्र का दौरा किया था, जहां वह पिछले सितंबर में गए थे।

केसीएनए की खबर के अनुसार किम ने कहा कि उत्तर कोरिया ने पिछले वर्ष परमाणु सामग्री के उत्पादन में अद्भुत प्रदर्शन किया है और देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने के लिए इस वर्ष उत्पादन को और बढ़ाने की जरूरत है। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरूआत से अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच कूटनीति फिर से शुरू होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं क्योंकि ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान किम से तीन बार मुलाकात की थी।

बृहस्पतिवार को फॉक्स न्यूज पर प्रसारित एक साक्षात्कार के दौरान ट्रंप ने किम को एक समझदार व्यक्ति बताया था। यह पूछे जाने कि क्या वह उत्तर कोरिया के अपने समकक्ष से बात करने की योजना बना रहे हैं तो ट्रंप ने कहा था कि वह उनसे बात करेंगे। ट्रंप ने कहा था, ह्लमैं काफी पहले उनसे मिला था। वह कोई धार्मिक कट्टरपंथी नहीं है। मैं उनसे दोबारा बातचीत करूंगा। उत्तर कोरिया ने अभी तक ट्रंप के इस बयान पर सीधे तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

उत्तर कोरिया ने रविवार को क्रूज मिसाइल प्रणाली का परीक्षण करने की जानकारी देते हुए उसको निशाना बनाकर किये जाने वाले अमेरिका-दक्षिण कोरियाई सैन्य अभ्यासों की संख्या बढ़ाये जाने का कड़ा जवाब देने का संकल्प लिया था।

# चीन के लिए सीधी उड़ानें फिर शुरू करने पर अधिक स्पष्टता का इंतजार : इंडिगो

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने कहा कि वह चीन के लिए सीधी उड़ान सेवाएं फिर शुरू करने पर सरकार से अधिक स्पष्टता और जानकारी का इंतजार कर रही है। एयरलाइन पूर्व में चीन के लिए उड़ानों का परिचालन करती थी। भारत और चीन ने सोमवार को संबंधों के पुनर्निर्माण के लिए कई उपायों की घोषणा की, जिसमें सीधी उड़ानें बहाल करने पर सैद्धांतिक रूप से सहमत होना शामिल है। दोनों देशों के बीच 2020 की शुरूआत तक सीधी उड़ानें चालू थीं, जिन्हें कोरोना वायरस के चलते आई महामारी के बाद निलंबित कर दिया गया। इंडिगो ने मंगलवार को बयान में कहा, भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने पर, हम मंत्रालय से और स्पष्टता और जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। इंडिगो ने दिल्ली से चेंगदू के लिए छह फरवरी, 2020 तक और कोलकाता से ग्वांगझू के लिए एक फरवरी, 2020 तक दैनिक उड़ानें संचालित की थीं।

# इस्राइल ने घुटने टेक दिए, ईरान ने समझौते को गाजा के पक्ष में बताया

(एजेन्सी)।

**ईरान** के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि गाजा ने इस्राइल को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया है। खामेनेई ने कहा कि इस्राइल और हमास के बीच हाल ही में हुए युद्ध विराम समझौते को गाजा के पक्ष में बताया है। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार, खामेनेई ने कहा कि छोटे गाजा ने हथियारों से लैस और अमेरिका द्वारा पूरी तरह से समर्थित शासन को घुटनों पर ला दिया। ईरान ने इसी के साथ ट्रंप के उस बयान की निंदा की जिसमें उन्होंने फलस्तीनियों को गाजा से किसी सुरक्षित जगह पर जाने को कहा था।

भारत में इस्राइली दूतावास में मिशन के उप प्रमुख फारेस साएब ने कहा है कि उनका देश बंधकों की वापसी तक शांति समझौते का पालन करता रहेगा। साएब ने कहा, समझौते का तब तक पालन करेंगे जब तक हमारे सभी बंधक वापस नहीं आ जाते।

इजराइली अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने ईरान के लिए जासूसी करने के आरोप में दो इजराइली नागरिकों को गिरफ़्तार किया है। इजराइली पुलिस और आंतरिक सुरक्षा एजेंसी की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि उत्तरी इजराइल के यूरी एलियासफोव और जॉर्जी एंड्रीव एक ईरानी एजेंट के संपर्क में थे और उसके निर्देश पर विभिन्न मिशन को अंजाम देते थे। दोनों ईरानी एजेंट को गोपनीय सैन्य सामग्री भेजते थे। इसमें कहा गया है कि संदिग्धों ने देश भर में विभिन्न स्थानों पर ईरान समर्थित संदेशों के साथ भित्तिचित्र भी बनाए और बैनर टांगे। बयान के अनुसार उन्होंने पैसों के बदले ऐसा किया। उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ अभियोग दायर करेगा।

# जॉन अब्राहम और प्रियंका चोपड़ा फिर साथ करने जा रहे हैं काम

**(एजेन्सी)।** जॉन अब्राहम और प्रियंका चोपड़ा, जिन्होंने करम और दोस्ताना जैसी फिल्मों में स्क्रीन स्पेस साझा किया है, एक बार फिर साथ आ सकते हैं और इस बार एक महत्वाकांक्षी पैन-इंडिया प्रोजेक्ट के लिए। यह एक ज्ञात तथ्य है कि आरआरआर फिल्म निमार्ता एसएस राजामौली एक और शानदार कृति बनाने की राह पर हैं, जो तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू के साथ उनका पहला सहयोग होगा। अब रिपोर्ट्स में कहा गया है कि धूम अभिनेता आगामी मनोरंजन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।



बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, अभिनेता और निमार्ता जॉन अब्राहम दोस्ताना की सह-कलाकार प्रियंका चोपड़ा के साथ एसएस राजामौली की अगली फिल्म में फिर से काम करेंगे। इससे पहले, इस बात के कयास लगाए जा रहे थे कि इस भूमिका के लिए पृथ्वीराज सुकुमारन से संपर्क किया गया है। इस फिल्म को एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म के तौर पर पेश किया जा रहा है, जिसमें महेश बाबू मुख्य भूमिका में होंगे। न्यूज24 ने एक सूत्र के हवाले से बताया, "पहले, इस भूमिका के लिए पृथ्वीराज सुकुमारन के नाम पर विचार किया गया था, लेकिन बात नहीं बन पाई। अब, जॉन प्रियंका चोपड़ा के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। उनके साथ उनके कई सीन हैं और शूटिंग हैदराबाद में ही होगी।"

2 जनवरी को, एसएस राजामौली और महेश बाबू की SSMB29 को हैदराबाद में एक विशेष पूजा समारोह के साथ लॉन्च किया गया। निर्देशक-अभिनेता की जोड़ी को हैदराबाद में एल्युमिनियम फैक्ट्री में फूलों, बैनर और राजामौली की फिल्मों की तस्वीरों से सजे हुए देखा गया। SSMB29 की शूटिंग जनवरी 2025 में शुरू होगी। इसे विजयेंद्र प्रसाद ने लिखा है और राजामौली ने निर्देशित किया है। यह एक महाकाव्य साहसिक की पृष्ठभूमि पर आधारित है। हालांकि महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा की जोड़ी ने काफी दिलचस्पी जगाई है, लेकिन ररटइ29 के लिए पूरी कास्ट और क्रू की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। फिल्म में कई तरह की प्रतिभाएँ होने की उम्मीद है। वर्क फ्रंट की बात करें तो महेश बाबू को आखिरी बार गुंटूर करम में देखा गया था, जबकि प्रियंका रोमांटिक कॉमेडी लव अगेन में दिखाई दी थीं।

# भुवनेश्वर चरण के लिये भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा

(एजेन्सी)।

**अनुभवी** स्ट्राइकर वंदना कटारिया को एफआईएच प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के लिये भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम में चुना गया है जबकि युवा फॉरवर्ड सोनम को भी स्टैंडबाय के रूप में जगह मिली है। भारत को 15 फरवरी से होने वाले टूनार्मेंट में इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन और जर्मनी से दो दो बार खेलना है। भारतीय टीम की कमान एक बार फिर सलीमा टेटे के हाथ में होगी जबकि फॉरवर्ड नवनीत कौर उपकप्तान होंगी।

महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी टीम से बाहर कटारिया के अलावा अनुभवी डिफेंडर निक्की प्रधान, ज्योति छत्री, मिडफील्डर बलजीत कौर और फॉरवर्ड मुमताज खान तथा रूतुजा डडास भी टीम में हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है जो शीर्ष स्तर के टूनार्मेंट के लिये जरूरी भी है। हमारा फोकस संतुलित टीम पर है जिसमें हर पोजिशन के लिये मजबूत विकल्प हों।

गोलकीपर बांवरी सोलंकी, डिफेंडर अक्षता ढेकाले और ज्योति सिंह, फॉरवर्ड साक्षी राणा, अन्नु और सोनम को स्टैंडबाय के रूप में शामिल किया गया है। उन्नीस वर्ष की सोनम ने महिला हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन किया और सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर रही। हरेंद्र ने कहा, हमें टीम की तैयारियों पर यकीन है और हमारा मानना है कि यह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर सकती है। फआईएच नियमों के अनुसार अगर प्रो लीग के किसी चरण में किसी टीम के चार से अधिक मैच है तो पहले चार मैचों के बाद 24 सदस्यीय टीम में बदलाव किया जा सकता है।

**भारतीय टीमः गोलकीपरः** सविता और बिछू देवी खारीबाम डिफेंडर : सुशीला चानू, निक्की प्रधान, उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री मिडफील्डरः वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, मनीषा चौहान, सलीमा टेटे, सुनेलिटा टोप्पो, लालरेम्सियामी, बलजीत कौर, शर्मिला देवी। फॉरवर्ड : नवनीत कौर, मुमताज खान, प्रीति दुबे, रूतुजा पिसाल, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, दीपिका और वंदना कटारिया।

# स्टीव स्मित श्रीलंका के खिलाफ ठोका सबसे तेज 35वां टेस्ट शतक

(एजेन्सी)।

**ऑस्ट्रेलिया** और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। जिसके पहले दिन ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टीव स्मिथ ने बुधवार को बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सबसे तेज शतक ठोका। उन्होंने गॉल के मैदान पर स्टंप्स तक 188 गेंदों में 10 चौकें और 1 छक्के के दम पर नाबाद 104 रन बनाए। ये उनके टेस्ट करियर का 35वां शतक है। वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले प्लेयर्स की फेहरिस्त में शामिल हो गए हैं वो इस एलीट लिस्ट में सातवें बल्लेबाज बन गए हैं। वहीं 35 वर्षीय स्मिथ ने पारियों के लिहाज से सबसे तेज 35 टेस्ट शतक कंप्लीट करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर एंट्री मारी है। उन्होंने 115वें टेस्ट के दौरान 205वीं पारी में ये आंकड़ा बनाया है। वहीं टेस्ट में सबसे तेज 35 शतक ठोकने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के नाम है। उन्होंने 194वीं पारी में ऐसा किया था। पोंटिंग ने अपने करियर में 168 टेस्ट में कुल 41 शतक जमाए। दूसरे नंबर पर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं। जिन्होंने 200वीं पारी में 35 टेस्ट सेंचुरी पूरी की है। सचिन ने 200 टेस्ट में सबसे ज्यादा 51 शतक लगाए। स्मिथ ने श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर कुमार संगाकारा को पछाड़ा है, जो अब चौथे पायदान पर हैं।

# मिथिलांचल के कुम्भ यात्रियों के लिए वाराणसी में खुला मिथिला होम स्टे

## ■ पांच कमरे का निः शुल्क खुला है मिथिला होम स्टे

**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** महाकुंभ में अपार जनसैलाब उमड़ रहा है, तीर्थयात्रियों के लिए प्रशासन से लगायत प्राईवेट व्यवस्था नाकामी साबित हो रहा है। इसी को देखते हुए काशी की सामाजिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था मैथिल समाज, उत्तर प्रदेश ने मौनी अमावस्या के अवसर पर मिथिलांचल के लोगों के लिए काल भैरव मन्दिर के पास पांच कमरे का निः शुल्क मिथिला होम स्टे शुरू किया है।




संस्था द्वारा मिथिला होम स्टे का प्रभारी अधिकारी अधिवक्ता गौतम झा को नियुक्त किया गया है। गौतम झा ने हमारे संवाददाता को बताया कि पांच कमरे के मिथिला होम स्टे में बीस लोग आराम से

### ■ मैथिल समाज ने जारी किया टोल फ्री नं

रह सकते हैं, होम स्टे में कुंभ यात्रियों के लिए गद्दा, कंबल, रजाई आदि का प्रबंध संस्था द्वारा निः शुल्क किया गया है कोई भी मिथिलांचल का कुम्भ यात्री मो. नं.9140797525, 8090486010 पर सम्पर्क करके इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकता है।

# पंचायत सरकार भवन निर्माण में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए जिलाधिकारी ने की पंचायतों के मुखिया के साथ बैठक



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/डॉ. संजय**

**हाजीपुर।** पंचायती राज विभाग की समीक्षा के क्रम में जब जिला पदाधिकारी, यशपाल मीणा को जानकारी मिली कि सरकार की फ्लैगशिप योजना पंचायत सरकार भवन के निर्माण के लिए जिला में अभी भी 24 पंचायत में भूमि चिन्हित होना बाकी है तब उन्होंने इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित पंचायत के मुखियाओं के साथ अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की।

बैठक में उप विकास आयुक्त, कुंदन कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, विशाल, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के साथ वैशाली प्रखंड के मतैया, मझौली, दाउदनगर पंचायत के मुखिया, सहदेई बुजुर्ग प्रखंड के नया गांव पश्चिम, वाजिदपुर चकस्तुरी, महनार प्रखंड के सरमस्तपुर, लावापुर आदि पंचायत के मुखिया, देसरी प्रखंड के उफरौल पंचायत के मुखिया सहित करीब दो दर्जन पंचायत के मुखिया मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत सरकार भवन निर्माण करने के पीछे सरकार का उद्देश्य है कि यह मिनी सचिवालय के तौर पर काम करेगा और यहां एक ही छत के नीचे लोगों को सभी तरह की सुविधाएं मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना सरकार की प्राथमिकता में है। इसलिए जिला प्रशासन इसमें शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने संबंधित पंचायत के मुखिया से कहा कि वे स्वयं पहल कर पंचायत सरकार भवन के लिए भूमि चिन्हित करने में सक्रिय सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जहां भूमि उपलब्ध नहीं हो, वहां भूमि दान के लिए भी स्थानीय लोगों को प्रेरित किया जाए।

पंचायत सरकार भवन बन जाने से ग्राम स्तर पर पंचायत से जुड़े काम सुगम हो जाएंगे और लोगों को काफी सुविधा होगी।

# सुखमय भविष्य के लिए युवाओं को कौशल में अवश्य निपुण होना चाहिए: उपायुक्त

## ■ 'युवा नशे से दूर रह युवा शक्ति का सही दिशा में करे उपयोग'

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**पंचकूला।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि युवाओं को किसी न किसी कौशल में अवश्य निपुण होना चाहिए ताकि उनका भविष्य सुखमय और खुशहाल बन सके। कौशल निपुणता ही उनके भविष्य के द्वार खोलती है।

उपायुक्त औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र सेक्टर 14 में जिला उद्योग केन्द्र, पंजाब नेशनल बैंक एवं उद्योगों के सौजन्य से आयोजित रोजगार मेला के अवसर पर युवाओं को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि आईटीआई में ही युवा कौशल में निपुण हो सकते है। सबसे बड़े मैनेजमेंट संस्थानों या उद्योगों को आईटीआई प्रशिक्षणार्थी की बड़ी आवश्यकता होती है। इसके अलावा लोकल मार्केट में भी आईटीआई प्रशिक्षणार्थी की निपुणता की मांग होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवा नौकरी की तलाश में घूम रहे हैं लेकिन इण्डस्ट्रीज को निपुण युवा नहीं मिल रहे है। इसलिए युवाओं का अपने कौशल में निपुण होना अत्यंत अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि शुरूआत में युवाओं को छोटी आमदनी को पॉकेट मनी मानकर कार्य शुरू करना चाहिए जैसे जैसे वह निपुण हो जाएगें उनका पैकेज भी बढ जाएगा। उपायुक्त ने सीधे युवाओं से




अनुभव बारे बातचीत करते हुए कहा कि 13 साल पहले प्राईवेट उद्योग में किसी व्यक्ति की सेलरी 18 हजार रुपए रही, जो आज बढकर अढाई लाख हो गई है। इस प्रकार युवाओं को शुरूआत में आमदनी पर विशेष ध्यान नहीं देना चाहिए और अपनी काबलियत और प्रतीभा को निखारने के लिए भविष्य का लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढना चाहिए।

मोनिका गुप्ता ने कहा कि जिला के युवाओं को बडे.उद्योगों में उनके सहयोग से बड़ी मशीनों पर भी कार्य करने के अवसर मिलेंगे। इनमें विशेषकर आईटीआई के युवा ही शामिल होंगे। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने अपनी युवा शक्ति का सही दिशा में उपयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि नशा परिवार और जीवन दोनों को बर्बाद कर देता है। उन्होंने कहा कि युवा दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनें और जिला एवं अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित करें। उन्होंने महिलाओं को भी कौशल में निपुण होने और नौकरी के आगे आने के लिए प्रेरित किया। मेले में लगभग 35 कम्पनियों ने युवाओं के साक्षात्कार लिए।

रोजगार मेले को अतिरिक्त निदेशक संजीव शर्मा, पंजाब नेशनल बैंक के जोनल मैनेजर राजेश प्रसाद, सर्कल हैड संजीव, उद्योगपति रजनीश गर्ग, प्राचार्य गीता, एलडीएम गजल शर्मा ने भी युवाओं को हुनर अनुसार आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

# जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने अजय को किया सम्मानित



**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मनुष्य हो या फिर पशु-पक्षी जीवन जीने के लिए सभी जल की आवश्यकता है बिना जल के जीवन की कल्पना नहीं किया जा सकता जिसको लेकर बक्सर के रहने वाले जलपुत्र के नाम से चर्चित अजय राय को केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित संवाद में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर पाटिल एवं केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राभूषण चौधरी और राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने संयुक्त रुप से जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जल योद्धा आवॉर्ड से सम्मानित किया है वही अजय के इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर सी दौड़ पड़ी है उन्हें बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। इस सम्बन्ध में अजय का कहना है की मैंने जल की समस्या से त्रस्त होकर छात्र जीवन में रहते हुए महज 10 रू. की लागत से के टोटी जल संरक्षण अभियान की



शुरूआत किया लेकिन मैंने कभी भी कल्पना नही किया था की मुझे इस कार्य के लिए एक दिन केंद्रीय मंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा इस तरह के सम्मान से मुझे आगे भी जल संरक्षण के दिशा में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरणा मिलेगी तो वही परिवार और समाजिक स्तर पर भी सपोर्ट मिलेगा। बताते चलें की अजय लम्बे वर्षो जल संरक्षण अभियान चलाते आ रहे हैं जिसको लेकर अजय के मेहनत और समर्पण की भाव को देखते हुए नगर परिषद ने उन्हें अपना ब्रांड एम्बेसडर भी बनाया है।

# डीएम ने किया बस अड्डे व रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन**

**बदायूँ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बुधवार को प्रयागराज उत्तर प्रदेश में चल रहे महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत रोडवेज बस स्टैंड बदायूं व रेलवे स्टेशन बदायूं का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ जा रहे तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने किया कछला घाट का निरीक्षण



**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन**

**बदायूँ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बुधवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर कछला घाट में की गई तैयारीयों का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कछला घाट पर बने पुल से भी मुआयना किया। जिलाधिकारी ने भागीरथी गंगा के दोनों ओर के घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां साफ सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था व घाट पर की गई अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं आदि को देखा व दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने समुचित व्यवस्थाओं को शासन की मंशा के अनुरूप करने के लिए कहा। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मंसूरचक में लगाया गया टीएलएम मेला




**एसबी ब्यूरो**

**मंसूरचक(बेगूसराय)।** संकुल स्तरीय टीएलएम मेला नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सहनी टोल गणपतौल के द्वारा प्रस्तुत संकुल संसाधन केन्द्र एन.एन. सिन्हा प्लस टू विद्यालय मंसूरचक में टीएलएम मेला आयोजित किया गया था। जिसमें टीएलएम में भाग लेने वाले शिक्षक अंकित सिंह एवं चंद्रजीत यादव तथा प्रभारी प्रधानाध्यापक अशर्फी पासवान भी मौजूद थे। इस मेले में अंकित सिंह एवं चंद्रजीत यादव ने टीएलएम बनाकर संकुल स्तरीय मेला में प्रस्तुत किए। वही टीएलएम के बारे में विस्तृत जानकारी दिए। जैसी नवीकरण उर्जा एवं,मात्राओं एवं संख्याओं और भी कई जानकारी दिए। मौके पर रिचा कुमारी, एवं मो. कैसर अंसारी मौजूद थे।

# खानपुर पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर।** खानपुर पुलिस ने बीती रात पुलिस फोर्स के साथ गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के भोरेजयराम गाँव में छापामारी कर समस्तीपुर न्यायालय से निर्गत GR-378/09/TR-1427/2024-जो न्यायालय से निर्गत-NBW वारंट में फरार चल रहे अभियुक्त (1) राजेन्द्र साह पिता-स्वर्गीय रवि साह-ग्राम-भोरेजयराम-थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को छापामारी के क्रम में घर से ही गिरफ्तार कर थाना लाया गया। तथा वही गिरफ्तार अभियुक्त के बारे में पूछने पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने

### ■ थानाध्यक्ष ने गिरफ्तार अभियुक्त को भेजा जेल

बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त राजेन्द्र साह पिता स्वर्गीय रवि साह-ग्राम-भोरेजयराम थाना खानपुर के विरूद्व समस्तीपुर न्यायालय से निर्गत NBW वारंट में फरार चल रहा था जिसे बीती घर से ही गिरफ्तार कर थाना लाया गया। तथा गिरफ्तारी कागजात तैयार कर थाना के पुलिस पदाधिकारी व चौकीदार के साथ उचित अभिरक्षा में सरकारी वाहन से माननीय न्यायालय समस्तीपुर में उपस्थापन हेतु भेजा गया है।


## आवश्यक सूचना

**तेजी** से बढते राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, **'संजना भारती'** को चंडीगढ़, पंचकुला सहित पूरा हरियाणा, पंजाब में जिला स्तर, तहसील स्तर, खंड स्तर पर पत्रकार/कोर्सपोंडेट/ प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की जरूरत है।

**संपर्क करें: दैनिक संजना भारती, समाचार पत्र नई दिल्ली**
**वाटसेप नम्बर: 9871221635**


# हीरो मोटोकॉर्प ने लॉन्च किया नया डेस्टिनी 125

**एसबी ब्यूरो**

**बेगूसराय।** स्कूटर सेगमेंट में क्रांति सबसे बेहतरीन माइलेज और इंडस्ट्री फर्स्ट शानदार फीचर के साथ लॉन्च हीरो मोटोकॉर्प दुनियां की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्मिता कंपनी ने नया डेस्टिनी 125 लॉन्च किया है। यह स्कूटर 125 सीसी सेगमेंट में अपनी खास पहचान सुनिश्चित करने के लिए तैयार है। यह परफोर्मेंस और व्यवहारिकता का अनूठा और शानदार मिश्रण है। जो अपनी यात्रा को आसान और सुविधाजनक बनाने के साथ राइडर की तमाम उम्मीदों पर खरा उतरता है। नई तकनीकी इनोवेशन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसमें 30 पेटेंट एप्लीकेशन और सेगमेंट में पहली बार पेश किया गया है। इसके फिचर्स जैसे इल्यूमेनेडेड स्टार्ट स्विच और ऑटो कैंसल विनकर्ष भी शामिल है। यह स्कूटर अपने सेंगमेट में बेहतरीन मायलेज देता है। जो की एक लीटर में 59 किलोमीटर तक जा सकता है। पूरी तरह डिजिटल स्पीडोमीटर दिया गया है।



जो ब्लूटूथ कनेक्टिविटी से लैस है। इसके अलावा टर्न बाय टर्न नेविगेशन इको इंडिकेटर, रियल टाइम मायलेज डिस्प्ले आरटीएमआई डिस्टेंस टू एम्प्टी और लो फ्यूल इंडिकेटर जैसे उपयोगी फिचर्स भी मौजूद है।

नई डेस्टिनी 125 को पांच आकर्षक रंगों में लॉन्च किया गया है। इसमें पर्याप्त लेगरुम दिया गया है। जिससे रायडर की लंबी यात्रा सुविधाजनक और आरामदायक है। यह स्कूटर ग्राहकों को बेहतरीन मायलेज आराम तकनीक का सही संतुलन प्रदान करते हुए उत्तम गुणवत्ता और रायडिंग अनुभव देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जिसका अनावरण हमारे सिंधौल स्थित बेगूसराय ऑटो एजेंसी के द्वारा किया गया है।

उक्त मौके पर हीरो डेस्टिनी एक्स टेक की लांचिंग केक काटकर किया गया। बेगूसराय हीरो सिंधौल के प्रोपराइटर विष्णु कुमार मेंगोटिया, पंकज कुमार, बेगूसराय हीरो के प्रबंधक त्रिलोकी रस्तोगी, सपन, शौकत सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी CPIM ने आम सभा बैठक किया आयोजित

**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर।** खानपुर प्रखंड के मुर्गिया चौक के निकट भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी CPIM ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक कर संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के उपर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अभद्र टिप्पणी करने के खिलाफ विजय कुमार की अध्यक्षता एवं रामाशंकर सक्सेना के संचालन में आम सभा को सम्बोधित करते हुए माकपा जिला सचिव रामाश्रय महतो जिला सचिव मंडल सदस्य सत्यनारायण सिंह, जिला कमिटी सदस्य अवधेश मिश्रा, प्रेमानंद सिंह, महेश राय, यशवंत चौधरी, शिवराम महतो, कलपू राम, कृष्ण देव झा, रामनरेश साहनी, अमित सहनी, राम ज्ञान राय सहित अन्य




वक्ताओं ने कहा की आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों का चाटूकारी करने वाले कायर सावरकर को वीर कहा जाता है। जबकि महात्मा गांधी का हत्यारा नाथूराम गोडसे को महिमा मंडित किया जाता है और समाज सुधारक, संविधान निमार्ता महान अर्थशास्त्री बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के उपर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को घोर निन्दा करते हुए आने वाले दिनों में संविधान, लोकतंत्र, भाईचारा सहित अपने अधिकार के लिए संगठित संघर्ष की आवश्यकता है। जिसे हम लोग संगठित होकर विरोध करते रहेंगे।

# गंगापुर जुड़ेगी बाईपास से, विधायक ने किया स्थल निरीक्षण

## ■ सड़क निर्माण को लेकर जल्द तैयार होगा डीपीआर

**एसबी संवाददाता**

**अकबरनगर।** मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत नगर पंचायत अकबरनगर के वार्ड नंबर एक में स्थित गंगापुर गांव को बाईपास से जोड़ने के लिए पद का चयन किया गया है। पथ का चयन होने के बाद बुधवार को विधायक डॉ.प्रो.ललित नारायण मंडल, नप अकबरनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि अंजीत कुमार, पार्षद पिंटु कुमार, प्रतिनिधि पिंकु यादव आदि सभी सड़क निर्माण को लेकर जमीन का स्थल निरीक्षण किया।

विधायक डॉ.प्रो. ललित नारायण मंडल ने बताया कि वर्षो से इस गॉव की माँग सड़क निर्माण को लेकर था। जिसका आदेश मिल गया है जल्द ही डीपीआर तैयार कर गाँव को फोरलेन सड़क से जोड़कर गॉव तक पहुंचने का रास्ता हो जायेगा। जल्द ही गंगापुर को सड़क रास्ता मिलेगा। वही अध्यक्ष प्रतिनिधि अंजीत कुमार ने बताया कि इस



गाँव के लोगो की वर्षो से माँग था। बिना सड़क के यहां को लोगों को काफी परेशानी हो रही है। खासकर बरसात और बाढ में लोगो को सबसे अधिक परेशानी होती है। वही इसको लेकर लोजपा रामविलास के युवा जिलाअध्यक्ष मनीष कुमार ने सड़क बनने को लेकर विधायक डॉ.प्रो.ललित नारायण मंडल व नप अध्यक्ष को बधाई दी है। ज्ञात हो कि विकास की रफ्तार के लिए सबसे अहम रौल प्ले करता है सड़क। सड़क नही होने के कारण यहाँ के लोग या तो कच्चे रास्ते पगडंडी या रेलवे लाइन पार कर अपने गाँव गंगापुर जाते है। इस गॉव में आज तक बारात की गाडी नही पहुंचती है। शव भी रेलवे लाइन पार कर अंतिम संस्कार करने ले जाते है। इस गॉव में सड़क मार्ग नही होने से स्कूल भी नही बन पाया। आलम यह है इस गॉव के बच्चे लाइन पार कर श्रीरामपुर कोठी स्कूल जाते है।

# साढ़े 11 करोड़ की लागत से होगा शहीद उधम सिंह चौक से मेरठ रोड तक ग्रीन बेल्ट का सुदृढ़ीकरण: डॉ. वैशाली शर्मा

## ■ वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** शहर के बाहरी इलाके से गुजरती शहीद उधम सिंह चौक से मेरठ रोड टी-पॉयट तक ग्रीन बेल्ट स्मार्ट रोड की तर्ज पर विकसित होगी। आगामी माह फरवरी के मध्य में इस पर काम शुरू होगा। इसकी लम्बाई 4.6 किलोमीटर है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि सडक के निर्माण के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई थी, जो खुल चुकी है। इसकी तकनीकी मूल्यांकन प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। अब शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय से इसकी वित्तीय स्वीकृति मिलने के पश्चात चयनित एजेंसी को कार्य आदेश जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सडक के सुदृढ़ीकरण कार्य पर अनुमानित 11 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। यह कार्य करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड के डिपोजिट वर्क के तहत नगर निगम द्वारा करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सडक का निर्माण मेरठ रोड़ ग्रीन बेल्ट टी-पॉयट से शुरू कर सांई बाबा मंदिर चौक, नूर महल चौक, सामुदायिक केन्द्र सैक्टर-9 एवं मार्किट एरिया से होते हुए शहीद उधम



सिंह चौक तक किया जाएगा।

यह होंगे कार्य- निगमायुक्त ने बताया कि सडक के सुदृढ़ीकरण में वाहन चालकों की सुविधा को देखते तमाम कार्य किए जाएंगे। बिटुमिन कंक्रीट से मजबूत सडक का निर्माण किया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टिद्द से रोड फर्नीचर के कार्य करवाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त फुटपाथ, साइकिल ट्रैक, सैंट्रल वर्ज, पेड़-पौधे, लैंड स्केपिंग, थर्मोप्लास्टिक पेंट, जेब्रा क्रॉसिंग, पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाने जैसे कार्य करवाए जाएंगे। यह सभी कार्य 6 माह में पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन सडकों से गुजरने वाले वाहन चालकों व सैर-सपाटे के लिए आने वाले नागरिकों को अनके प्रकार की सुविधाएं मुहैया होंगी।

महात्मा गांधी चौक से नूर महल चौक तक बनेगी स्मार्ट सडक- निगमायुक्त ने बताया कि उपरोक्त के अतिरिक्त महात्मा गांधी चौक से नूर महल चौक तक करीब साढे 3 किलोमीटर लम्बी सडक को भी स्मार्ट रोड बनाया जाएगा। इस कार्य के लिए डी.पी.आर. यानि डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जा रही है। उन्होंने उम्मीद जाहिर करते बताया कि यह कार्य आगामी माह मार्च में शुरू हो सकता है।

उन्होंने बताया कि सडक को इस तरीके से स्मार्ट बनाया जाए कि यह नागरिकों के साथ-साथ पर्यावरण के भी अनुकूल हो। सडक पर अच्छी दृश्यता होगी। सडक का बेहतर डिजाईन, फुटपाथ, साईकिल ट्रैक, सुंदर एवं आकर्षक लाईटें, बेहतर मूर्तिकला, पेंटिंग, सुंदर चौक-चौराहें, फव्वारे, आईलैंड, नागरिकों के लिए बैठने की बेहतर व्यवस्था तथा बिजली की तारों को भूमिगत करने जैसे कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सडक सुरक्षा को लेकर इंडियन रोड कॉंग्रेस के नियमों का पालन भी किया जाएगा।

# हरियाणा में परिवहन विभाग को आधुनिक रूप से कार्य करने के लिए जल्द ही एक ट्रैकिंग ऐप बनाया जाएगा: अनिल विज

## ऐप के माध्यम से मिलेगी आम व्यक्ति को जानकारी: विज

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा में परिवहन विभाग को आधुनिक रूप से कार्य करने के लिए जल्द ही एक टैजकिंग ऐप बनाया जाएगा और इस ऐप को बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है तथा इस संबंध में उनके द्वारा परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए हैं।



उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग के ऐप में कौन सी बस कब आती है और कब जाती है, इस प्रकार की सभी जानकारियां यात्रियों को ऐप के माध्यम से मुहैया करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ये ऐप आम व्यक्ति के मोबाइल फोन में भी होगी और वह देख सकेगा कि हरियाणा रोडवेज की कौन सी बस आ रही है और जहां पर अमुक व्यक्ति खड़ा है, वहां पर वह अमुक बस कितनी देर में पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि इस ऐप के बनने से विभाग के साथ-साथ यात्रियों को भी लाभ होगा क्योंकि जब यात्री को पता होगा कि बस आ रही है तो वह वैकल्पिक परिवहन से जाने की कोशिश नहीं करेगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि इसके साथ-साथ कई ओर मुख्य कदम भी परिवहन विभाग द्वारा उठाए जा रहे है जिसके तहत बस अडडों/स्टॉप पर अच्छा खाने-पीने का सामान मिलें। उन्होंने बताया कि फिलहाल राज्य के पांच बस अडडों पर खाने-पीने की चीजें हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी। इस संबंध में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर एक प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यदि यह पायलट परियोजना सफल होती है तो इसे आगे भी विस्तारित किया जाएगा। अन्यथा रेलवे की तर्ज पर कारपोरेशन बनाकर यात्रियों/लोगों को अच्छा खाने-पीने का सामान उपलब्ध करवाने के लिए आगे बढा जाएगा।

ऊर्जा विभाग से संबंधित पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग में बहुत ही बड़ा काम होने जा रहा है, जिसके तहत यमुनानगर में 800 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट को स्थापित करने के लिए बीएचईएल को कार्य आरंभ करने हेतु पत्र जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस थर्मल पावर प्लांट को स्थापित करने के लिए वर्तमान सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिनों के भीतर सभी प्रकार की रुकावटों को दूर कर दिया गया है और बीएचईएल को पत्र जारी कर कार्य आरंभ करने के लिए कहा गया है।

# जिले के समाधान शिविरों में आई 13 शिकायतें, 12 का हुआ मौके पर समाधान

**एसबी संवाददाता**

**कैथल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार तथा डीसी प्रीति के मार्गदर्शन लघु सचिवालय के साथ-साथ उप मंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन निरंतर रूप से किया जा रहा है। जिले के सभी समाधान शिविरों में कुल 13 शिकायतें आई, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अन्य शिकायतों के त्वरित निपटान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में 6 शिकायतें आई, जिसमें से 5 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वहीं उपमंडल गुहला-चीका के खंड एवं विकास पंचायत अधिकारी कार्यालय में लगाए जा रहे समाधान शिविर में 7 शिकायत प्राप्त हुई, जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया।

डीसी प्रीति ने कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार की एक अच्छी पहल है। आमजन को एक ही छत के नीचे सभी विभागों से जुड़े अधिकारी मौजूद रहते हैं, जिससे किसी समस्या का जल्द समाधान होना संभव हो जाता है। आमजन को इन शिविरों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे समाधान शिविर में स्वयं उपस्थित रहें और लोगों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनें। शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाए। इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतें आती हैं।

# विधायक योगेंद्र राणा ने नपा एमई अशोक कुमार को किया सम्मानित

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर असंध के विधायक योगेन्द्र राणा ने नई अनाज मंडी के प्रांगण में बतौर मुख्यातिथि बलिदानियों के परिजनों व युद्ध वीरांगनाओं को शॉल भेंटकर सम्मानित किया और अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान नगरपालिका एमई अशोक कुमार को भी सम्मानित किया।



नगरपालिका एमई अशोक कुमार को सम्मानित करते विधायक योगेंद्र राणा। (छायाः एसबी)

इस दौरान एसडीएम राहुल, डीएसपी महाबीर सिंह, नायब तहसीलदार राधेश्याम, नायब तहसीलदार बल्ला स्नेहा, नपा कार्यकारी चेयरमैन राजेंद्र ढींगरा, नपा सचिव प्रदीप कुमार, भाजपा नेता बृजमोहन टक्कर, सज्जन अत्री व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अजमेर सिंधु भी मौजूद रहे। नगरपालिका एमई अशोक कुमार ने कहा कि शहर को साफ, स्वच्छ व सुंदर बनाने में नगरपालिका का सहयोग करें। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कूड़ा कर्कट इधर-उधर न फैंक कर नगरपालिका की कचरा गाड़ी में ही डाले।

# प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश व प्रदेश का हो रहा चहुंमुखी विकास: रणबीर गंगवा

## नागरिकों की समस्याओं का समाधान राज्य सरकार का मुख्य ध्येय : कैबिनेट मंत्री

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी सरकार में देश तथा प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। वर्तमान राज्य सरकार द्वारा जो वायदे किए जाते हैं उनको अवश्य पूरा किया जाता है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। कैबिनेट मंत्री बुधवार को जिला हिसार में बरवाला विधानसभा क्षेत्र के गांव खोखा तथा खरकड़ी में हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर धन्यवादी दौरे के दौरान ग्रामीणों को



संबोधित कर रहे थे। इस दौरान श्री रणबीर गंगवा ने गांव खोखा में धानक तथा एससी चौपाल के निर्माण कार्यों के लिए 10-10 लाख रुपये की घोषणा के साथ-साथ बीसी चौपाल के हॉल के निर्माण का भी आश्वासन दिया। इसके अलावा, गांव खरकड़ी में सामान्य, एससी व बीसी चौपाल के लिए 10-10 लाख रुपये तथा ओपन जिम बनवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विकास के कार्यों में धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने युवाओं, महिलाओं, गरीब सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई हैं। प्रदेश में डीएससी समाज की भलाई के लिए जो कदम मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने उठाए हैं, उसका समाज के हर आयु वर्ग को लाभ मिलेगा।

# लाइसेंस किसी का, दवा कोई और बेचे, यह गैर कानूनी–डीसी

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन गांवों में नशाखोरी के मामले बढ़ रहे हैं वहां लोगों को जागरूक करने के लिए टीम गठित कर विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने जिला औषधि नियंत्रण को उन दवा दुकानों के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए जिन पर लाईसेंसधारक केमिस्ट के स्थान पर अन्य लोग दवाइयां बेचते हैं।



उपायुक्त यहां जिला सचिवालय में नार्को समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने जिला के एक दर्जन से अधिक उन गांवों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए जहां नशाखोरी के केस बढ़ रहे हैं। ऐसे गांवों में कमेटियां गठित करने और लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अभियान के दौरान की जाने वाली गतिविधियों का पूरा ब्यौरा तैयार किया जाए।

उन्होंने जिला औषधी नियंत्रक को निर्देश दिए कि केमिस्ट दुकानों पर गैर लाइसेंसधारकों द्वारा दवाइयां बेचने की शिकायतें प्राप्त हो रही है। जांच के दौरान कहीं भी ऐसा मामला नोटिस में आने के बाद सख्त कार्रवाई करते हुए उस दुकानदार का लाइसेंस भी रद्द किया जाए। उपायुक्त ने कृषि उप निदेशक को निर्देश दिए कि पंचायतों, ग्राम सचिवों व नहरी विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर भांग व अन्य ऐसे पौधे जो नशे में प्रयोग किये जाते हैं, को तुरंत नष्ट कराया जाए।

बैठक में एसपी गंगाराम पूनिया, डीएसपी सतीश कृषि उप निदेशक वजीर सिंह, डीईओ सुदेश ठुकराल, उप सिविल सर्जन डा. सिम्मी कपूर, डीडीपीओ संजय टांक, जिला न्यायवादी पंकज सैनी, एमएसईओ भावना वाधवा, सिंचाई विभाग के एसडीओ नीतिन गर्ग, डीवाईओ रेणू, डीएचईओ सुभाष शर्मा, डीआईपीआरओ मनोज कौशिक आदि मौजूद रहे।

# उपमंडल अधिकारी ने लिया झींवरहेड़ी में निर्माणाधीन अंडरपास में प्रयोग की जा रही निर्माण सामग्री का जायजा

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** घरौंडा के उपमंडल अधिकारी (नागरिक) राजेश सोनी ने झींवरहेड़ी में निमार्णाधीन अंडरपास का निरीक्षण किया और प्रयोग की जा रही निर्माण सामग्री का जायजा लिया। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों को निर्देश दिये कि अंडरपास का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाये ताकि लोगों का इससे आवागमन जल्द शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिये। बता दें कि यह अंडर पास पिछले 2 वर्ष से निमार्णाधीन है तथा इसका कार्य डेढ़ वर्ष से रुका हुआ था, जिसमें एसडीएम घरौंडा द्वारा पुनः रेलवे अधिकारियों से बातचीत करके चालू करवाया गया है। यह निर्माणकार्य अगले 2 वर्ष में पूरा होने की संभावना है।



इसके बाद श्री सोनी ने घरौंडा नये बस अड्डे का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बसों का बस अड्डे में आवागमन और सुलभ बनाने तथा यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत जीटी रोड पर ऊपरगामी पुल के नीचे रास्ते को चौड़ा किया जा रहा है।

अभी बसों को अड्डे पर आने-जाने के लिए थोड़ा-सा घुमावदार रास्ता तय करना पड़ता है। इससे हादसे का अंदेशा रहा है।

पुल के नीचे रास्ते चौड़ा करने से बसों का सीधे अड्डा में प्रवेश हो सकेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये।

# नीलोखेड़ी विधायक ने 3 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सीवरेज लाइन का किया शिलान्यास

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने तरावड़ी सत्संग भवन के पास 3 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सीवरेज लाइन का नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। जहां पहुंचे पर विधायक का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।



इस मौके पर विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास करना उनका लक्ष्य है। हल्के के निवासियों की मूलभूत सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। सीवरेज लाइन बिछने से आस पास के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। गलियों में सीवरेज पाइप लाइन बिछाकर पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार हर क्षेत्र में विकास कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हल्के में लगातार अलग-अलग परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया जा रहा है, जिसका लाभ सीधे आमजन को मिल रहा है। हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नॉन स्टॉप विजन से हरियाणा आगे बढ़ रहा है। कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं। हर क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के विकास हो रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही चहुमुखी विकास को बढावा देने पर बल दिया गया है और अंत्योदय की भावना से हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का यही प्रयास रहा है कि विकास के मामले में प्रदेश के किसी भी क्षेत्र को अछूता नहीं रहने दिया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो वादे किए हैं उन्हें अवश्य पूरा किया जाएगा। उनका भी हमेशा यही प्रयास रहा है कि हल्के में अधिक से अधिक विकास कार्य सम्पन्न हों और वे आगे भी हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहेंगे। इस मौके पर संबंधित अधिकारी व गणमान्य मौजूद रहे।

# पत्रकारों का संगठित होकर एकता का परिचय देना बेहद जरूरी : विजेश शर्मा

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** देशहित में पत्रकारों के हितों में कार्य कर रहे गैर सरकारी संगठन नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा देशभर में पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें संरक्षित करने के लिए समय समय पर विशेष अभियान चलाए जाते रहे हैं। इसके साथ ही संगठन द्वारा समाज कल्याण और पत्रकारों के कल्याण व उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए भी अनेकों कार्य किए हैं।



वहीं संगठन के हरियाणा प्रदेश महासचिव विजेश कुमार ने कहा कि वर्तमान में पत्रकारों का सरंक्षण और उनकी सुरक्षा बहुत आवश्यक है एक पत्रकार कम से कम हजार लोगों के बीच कार्य करता है और कार्य स्थल पर उसे अधिक कठिनाईयों के बीच कार्य करना पढ़ता है लेकिन चिंतन की बात है की आज भी पत्रकार सुरक्षित नहीं है सबसे ज्यादा कठिनाइयों के बीच ग्रामीण क्षेत्र का पत्रकार कार्य कर रहा है एक तरह से पत्रकार और अखबारों को प्रतिदिन इंतिहान देना पड़ता है सरकारों को पत्रकारो की सुरक्षा और संरक्षण पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। यह तभी सम्भव हो सकता है जब पत्रकार संगठित होंगे। इसके साथ ही उन्होंने हरियाणा प्रदेश के पत्रकारों से संगठन में जुड़ने का आह्वान किया।

# शक्ति अभियान बाल विवाह के खिलाफ आंदोलन के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितु वाई. के. बहल के आदेशानुसार शक्ति अभियान बाल विवाह के खिलाफ आंदोलन के तहत एक कार्यशाला का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल के वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र के सभागार में किया गया।




इस कार्यशाला में पुलिस अधिकारियों व स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों ने भाग लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता अरविन्द खुरानिया ने इस कार्यशाला में बाल विवाह निषेध कानून 2006 की जानकारी उपस्थितजनों को दी। इस कार्यशाला को बाल विवाह निषेध अधिकारी सुनीता शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पूरे जिले में आमजन को इस बुराई की रोकथाम करने बारे व बाल विवाह को रोकने के लिए सार्थक कदम उठाने बारे प्रेरित करना है। निकट भविष्य में इस कार्यशाला के माध्यम से अच्छे परिणाम आने के संभावना है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रितु ने बताया कि विभिन्न वर्गों को अलग अलग कानूनों की जानकारियां उपलब्ध करवा रहा है, ताकि आम नागरिकों के कानूनी अधिकारों की सुरक्षा की जा सके और वांछित व्यक्ति/महिला इत्यादि कानून में दिए गए प्रावधानों की जानकारी रखते हुए अपने हितों की रक्षा कर सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन नंबर 01746-235759 पर किसी भी तरह की कानूनी या सामाजिक समस्या के बारें में भी बात कर सकते हैं।

# विज्ञान प्रदर्शनी एवं हर घर परिवार सूर्य नमस्कार योगाभ्यास शिविर का किया गया आयोजन

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बागी के कुशल नेतृत्व तथा कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह के योग्य निर्देशन में राजकीय महिला महाविद्यालय, बसताड़ा में संयोजिका रचना एवं सह-संयोजिका साइंस क्लब रेणु कुमारी के तत्वावधान में महाविद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करवाया गया।



प्रदर्शनी में छात्राओं ने क्वांटम डॉट्स, सोलर सिस्टम, वॉटर प्यूरीफायर, प्लांट रेजिस्टेंस, वॉलकेनिक इरेपशन आदि विषयों पर अपने मॉडल प्रदर्शित किये और उत्साहपूर्वक उनकी विवेचना करते हुए दैनिक जीवन में इनकी प्रासंगिकता बतायी। छात्राओं की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच की झलक उनके प्रस्तुतिकरण में स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह के द्वारा विज्ञान और तकनीक के महत्व को रेखांकित किया गया और विद्यार्थियों को नवीनीकरण और नवाचार की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा दी गई।

इसके साथ ही आज महाविद्यालय में हर घर परिवार सूर्य नमस्कार योगाभ्यास की शृंखला महिला प्रकोष्ठ संयोजिका एवं एन.एस.एस. अधिकारी अनुराधा तथा योग क्लब समन्वयक डॉ. सतीश कुमार के संयुक्त प्रयासों से आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर का समापन किया गया। 27 जनवरी से प्रारंभ इस तीन दिवसीय योग शिविर में योगाचार्य दर्शन लाल योगी के सानिध्य में छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकगण ने भी सूर्य नमस्कार, विभिन्न योग क्रियाओं और योगासनों का अभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। छात्राओं को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने के लिए स्वयं कार्यवाहक प्राचार्य श्री नरेश सिंह, शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक स्टाफ के द्वारा सूर्य नमस्कार तथा अन्य योगासानों में प्रतिभाग लिया गया। छात्राओं द्वारा योग शिविर का भरपूर आनंद लिया गया और भविष्य में भी ऐसे योग शिविर आयोजित कराए जाने अभिलाषा व्यक्त की गई। योग शिविर का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर डॉक्टर हितेंद्र कुमार, श्री सुखराज, श्रीमती दीपा ढूल, श्रीमती पूजा रानी, डॉ विक्रम एवं श्री पवन कुमार उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय सिविल सेवा कैरम प्रतियोगिता को लेकर अंबाला में चार फरवरी को ट्रायल : राज रानी

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी राजरानी ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा कैरम (पुरूष व महिलाएं) प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन 17 फरवरी से 22 फरवरी को शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कंपलेक्स, महालुंगे, बलेवादी पुणे (महाराष्ट्र) में करवाया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के ट्रायल का आयोजन व टीम का चयन 4 फरवरी को वॉर हीरोज मेमोरियल स्टेडियम, अंबाला में किया जा रहा है। ट्रायल में भाग लेने, जाने/आने का व्यय तथा प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आने व जाने का व्यय संबंधित खिलाड़ियों के विभाग द्वारा वहन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विभाग/ कार्यालय/जिला के अधिकारियों/ कर्मचारियों को जो इस खेल के उत्कृष्ट खिलाड़ी हैं, उन्हें इस चयन सफलता में विशेष खेल अवकाश तथा अन्य सुविधाएं देकर भेजने का कष्ट करें तथा उन्हें ये प्रमाण-पत्र भी दें कि वे अमुक विभाग/कार्यालय के सरकारी कर्मचारी/अधिकारी हैं। इच्छुक उत्कृष्ट खिलाड़ी सरकारी अधिकारी/कर्मचारी 4 फरवरी को सुबह 10 बजे निर्धारित स्थान पर प्रतियोगिता हेतु ट्रायल देने हेतु पहुंचने का कष्ट करें। यहां यह भी स्पष्ट किया जाता है कि केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड की हिदायतों अनुसार इन सिविल सेवा प्रतियोगिता में बोर्ड, कॉर्पोरेशन, पुलिस विभाग, बिजली, बोर्ड एचएसआई, डीसी के अधिकारी/ कर्मचारी भाग नही लेंगे।

# सभी रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालक करें पीएनडीटी एक्ट की पालना: सिविल सर्जन डा. रेनू चावला

## अवैध लिंग जांच करने वालों के विरूद्ध सूचना देने को मिलेगा नकद इनाम

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** सिविल सर्जन कार्यालय में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत एक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता में चेयरपर्सन जिला समुचित प्राधिकारी एवं सिविल सर्जन डा. रेनू चावला ने की। बैठक में जिला कैथल के पीसी-पीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालक/ ऑपरेटर व प्राईवेट महिला चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल हुए।



बैठक में सिविल सर्जन द्वारा सभी रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड केंद्रों को निर्देश दिए गए कि वे सभी पीएनडीटी एक्ट की पालना करें, जैसे कि फार्म-एफ को सही प्रकार से भरना, अपने केंद्र के रिकार्ड का सही रख-रखाव, प्रत्येक माह की 5 तारीख तक अपने केन्द्र की रिपोर्ट कार्यालय में भिजवाना व एमटीपी एक्ट की पालना करें। जिला समुचित प्राधिकारी कैथल द्वारा कैथल आईएमए के प्रधान डा. ललित जांगड़ा को निर्देश दिए कि अगर कोई गर्भवती महिला या उसके संबंधी अवैध लिंग जांच हेतू रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालक/ऑप्रेटर से संपर्क करते है तो उसकी सूचना सिविल सर्जन कैथल को दें।

सिविल सर्जन कैथल द्वारा बताया गया कि अवैध लिंग जांच करने वालों के विरूद्ध सूचना देने व सूचना सही पाए जाने पर सरकार की हिदायतों अनुसार एक लाख रुपये की नकद राशि गुप्त रूप से दी जाएगी तथा सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। इसके लिए आमजन सिविल सर्जन कार्यालय के फोन नंबर 01746-232382 या डा. गौरव पुनिया, जिला नोडल अधिकारी (पीएनडीटी) के फोन नंबर 8930123430 पर संपर्क कर सकते है। इसके अतिरिक्त जिला के लिंग अनुपात में सुधार करने हेतु अपना सहयोग देने बारे भी कहा गया।

सिविल सर्जन ने जिला के सभी रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड केन्द्रों के मालिकों व महिला चिकित्सा विशेषज्ञों को महानिदेशक हरियाणा, पंचकूला के द्वारा दिये गये आदेश के बारे मे बताया गया कि अब बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) आईडी और मां व शिशु ट्रैकिंग प्रणाली (एमटीसीएस) नंबर के बिना किसी भी गर्भवती महिला का अल्ट्रासाउंड नहीं किया जाएगा। अल्ट्रासाउंड से पहले गर्भवती महिला की (आरसीएच) आईडी या (एमटीसीएस) नंबर दर्ज करना सुनिश्चित करें। यह (आरसीएच) आईडी व (एमटीसीएस) नंबर गर्भवती महिला के संबंधित क्षेत्र की सरकारी संस्था से बनवाई जा सकती है। जिले के सभी महिलाओं से अपील है कि गर्भवती होने उपरान्त शीघ्र अति शीघ्र अपने क्षेत्र की एएनएम के पास जाकर अपना पंजीकरण करवाकर सरकार द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं। जब भी कोई गर्भवती महिला चेकअप हेतु किसी महिला चिकित्सक के पास जाए तो वह अपनी आरसीएच आईडी और एमसीपी कार्ड तथा अन्य आईडी कार्ड जैसे आधार कार्ड/पैन कार्ड इत्यादि साथ लेकर जाए ताकि अवरिल स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

इस अवसर पर उप-सिविल सर्जन (एनएचएम) कैथल डा. बलविंद्र गर्ग, नोडल अधिकारी (पीएनडीटी) कैथल डा. गौरव पुनिया, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नवराज, प्रधान आईएमए कैथल डा. ललित जांगड़ा तथा जिला कैथल के पीसी-पीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड केन्द्रों के संचालक/ऑपरेटर व प्राइवेट महिला चिकित्सा विशेषज्ञ मौजूद रहे।